प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

विश्व पर्यटन दिवस

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल का शांत वातावरण न केवल पर्यटकों को अनौखे अनुभवों से जोड़ता है बल्कि उन्हें अपनत्व व आत्मियता का एहसास भी कराता है। आज विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि अपनी अदभुत प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए हमारा प्रदेश दुनिया भर में जाना जाता है। इस बीच विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शिमला में रेल के माध्यम से पहुंचने पर पर्यटकों का फूल–मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इसके अलावा पर्यटन से संबंधित प्रचार सामग्री भी वितरित की गई।

जीएसटी– स्वास्थ्य सेवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त राहत प्रदान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट––

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में की गई कमी से देश की आर्थिकी और मजबूत होगी, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ होगा। शिमला में जीएसटी धन्यवाद सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि जीएसटी में किया गया सुधार आजादी से आज तक का सबसे बड़ा सुधार है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर मंहगाई व बेरोजगारी को कम करने में विफल रहने का आरोप भी लगाया।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि आपदा के दौरान सड़कों को हुए नुकसान का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सोलन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि अवैध डंपिंग करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने युवाओं से खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का आह्वान किया है। बिलासपुर जिला के घुमारवीं में 2 व 3 अक्तूबर को होने वाले सीर उत्सव को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। धर्माणी ने सभी नागरिकों से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण व संवर्धन में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह भी किया।

बाली

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर. एस. बाली ने कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवां में आज स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आयोजित एक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी से ही स्वस्थ परिवार और मजबूत समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि ये अभियान महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर परिवार और समाज को भी सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यशाला

हिमाचल फोरम अगेंस्ट ड्रग एब्यूस संस्था ने आने वाले दिनों में नशे के खिलाफ विशेष मुहीम शुरू करने का निर्णय लिया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में संस्था के अध्यक्ष दीपक सानन ने बताया कि नशे से प्रभावित परिवारों को समाज से अलग करने या कोसने के बजाए उन्हें नैतिक संबल देने की जरूरत है।

......................................